**सुविचार**

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी कीमत कम नहीं होती है।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 61 | पंचकूला। मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### दिल्ली शराब घोटाला केस में केजरीवाल खुद पैरवी करेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केजरीवाल ने इस केस की जज स्वर्ण कांता शर्मा से खुद को अलग करने की मांग की। कहा कि वे खुद दलीलें रखेंगे। अभी तक मैंने किसी को भी अपना वकालतनामा नहीं दिया है। जस्टिस शर्मा ने इस अर्जी को रिकॉर्ड पर लेते हुए इसकी सुनवाई 13 अप्रैल के लिए तय की। साथ ही ष्टक्चढ्ढ को कल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि अन्य कोई पक्ष भी यदि ऐसी अर्जी देना चाहता है तो दे सकता है। ष्टक्चढ्ढ ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उसने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य 22 आरोपियों को शराब घोटाले केस में बरी कर दिया था। केजरीवाल पत्नी सुनीता के साथ सुबह 11 बजे कोर्ट रूम पहुंचे थे।

### राज्यसभा में 19 नए सदस्यों ने शपथ ली, शरद पवार व्हीलचेयर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (स्क्क) प्रमुख शरद पवार समेत 19 नए और दोबारा चुने गए राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। शरद पवार व्हीलचेयर पर शपथ लेने के लिए संसद पहुंचे। शपथ लेने वालों में 5 महाराष्ट्र, 3 ओडिशा, 6 तमिलनाडु और 5 पश्चिम बंगाल के सदस्य है। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। दरअसल, 16 मार्च को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों को चुनाव हुए थे। अब 18 सांसदों का अभी शपथ लेना बाकी है।

### वैश्विक अस्थिरता के बीच भी मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल।** वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी रहेगी और वित्त वर्ष 27 में जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम एशिया में तनाव से कुछ चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था का आधार लगातार मजबूत है और ग्रोथ को सपोर्ट कर रहा है। विश्लेषण में कहा गया कि पश्चिम एशिया संघर्ष का भारत पर प्रभाव मुख्य रूप से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के रूप में महसूस किया जाएगा।

## बैरियर तोड़कर दिल्ली विधानसभा परिसर में घुसी कार, आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 6 अप्रैल।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था।

अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली इस गाड़ी के अंदर कई अज्ञात नकाबपोश लोग सवार थे। यह गाड़ी दोपहर करीब 2 बजे गेट नंबर 2, जिसे वीवीआईपी गेट के तौर पर जाना जाता है, को तोड़कर परिसर में दाखिल हुई। पुलिस ने आगे बताया कि परिसर में घुसने के बाद, ड्राइवर ने बरामदे के पास फूलों का एक गुलदस्ता रख दिया। दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया।



### सुरक्षा में बड़ी चूक मान रहे अधिकारी

अधिकारी इस घटना को सुरक्षा में एक गंभीर चूक मान रहे हैं। घुसपैठ की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की और इलाके को फौरन सुरक्षित कर लिया गया। दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते सहित कई टीमें मौके पर पहुंचीं और गहन जांच शुरू कर दी। घटनास्थल की जांच करने और सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की एक टीम को भी तैनात किया गया है।

इस घटना से विधानसभा परिसर में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्तता और प्रभावशीलता को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी कर दी हैं। यह परिसर वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और विधायकों की नियमित मौजूदगी के कारण एक अत्यंत संवेदनशील और सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के बावजूद यह गाड़ी बैरिकेड्स को तोड़कर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने में कामयाब कैसे रही।

**इस घटना में शामिल लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।**



### स्पीकर रूम के बाहर रखा गुलदस्ता

कार सवार स्पीकर रूम के बाहर गुलदस्ता रखकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद हड़कंप मच गया और विधानसभा परिसर में दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। यह घटना हाल ही में संपन्न हुए बजट सत्र के दौरान विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के कुछ ही समय बाद हुई है, जिससे इस हाई-प्रोफाइल परिसर में सुरक्षा तैयारियों को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं।

## ट्रम्प बोले-ईरान को एक रात में खत्म कर सकते हैं, ये कल भी हो सकता है

पंचकूला ऑब्जर्वर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान जंग पर सोमवार रात (भारतीय समय के मुताबिक) प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की जंग अच्छी चल रही है। अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक रात में खत्म कर सकता है। जरूरत पड़ी तो वह रात कल भी हो सकती है।

ट्रम्प ने ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट को बचाने वाले ऑपरेशन को 'ऐतिहासिक' बताया। उन्होंने कहा, ÷मैंने अमेरिकी सेना को आदेश दिया था कि हमारे बहादुर सैनिकों को सुरक्षित घर लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह किया जाए। उन्होंने कहा, ÷यह बहुत जोखिम भरा फैसला था, क्योंकि हमने 1-2 पायलट को निकालने के लिए 100 जान को दांव पर लगा दिया था। ट्रम्प ने इसे हाल के दशकों में सबसे खतरनाक ऑपरेशनों में से एक बताया। इससे पहले ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा।

### सहमति की उम्मीद, ईरान बोला- होर्मुज की चाबी खो गई

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के धमकी पर जिम्बाब्वे स्थित ईरानी दूतावास ने तंज भरे अंदाज में जवाब दिया है। दूतावास ने कहा कि 'होर्मुज स्ट्रेट की चाबी खो गई है।' दरअसल, ट्रम्प ने ईरान को अल्टीमेटम दिया है कि वह इस समुद्री रास्ते को तुरंत खोल दे, नहीं तो उसे गंभीर सैन्य कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उसके पावर प्लांट और पुलों हमला होगा और ईरान को नरक बना दिए जाएगा।

ईरान के कुछ अन्य दूतावासों ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प का मजाक उड़ाया है। दक्षिण अफ्रीका में मौजूद ईरानी दूतावास ने तंज करते हुए कहा कि %चाबी फूलदान के नीचे है, दोस्तों के लिए रास्ता खुला है।

वहीं इस जंग को रोकने पर आज सहमति बन सकती है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक पाकिस्तान ने दोनों देशों को सीजफायर का प्रस्ताव सौंपा है। पाकिस्तान ने इस डील को अस्थायी तौर पर 'इस्लामाबाद अकॉर्ड' नाम दिया है, जिसे दो हिस्सों में बांटा गया है। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल के हमले बढ़े तो वह



ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कहा है कि वह होर्मुज के अलावा दूसरे समुद्री रास्तों को भी निशाना बना सकता है। ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा कि किसी भी बड़ी कार्रवाई का जवाब सिर्फ सैन्य स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा और व्यापार पर असर डालकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ही नहीं, बल्कि बाब-अल-मंदेब जैसे अहम समुद्री रास्ते भी खतरे में आ सकते हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने का अल्टीमेटम दिया है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले ईरान के करीबी माने जाने वाले यमन के हूती विद्रोही रेड सी में जहाजों पर हमले की बात कह चुके हैं।

## घरेलू हिंसा मामले में पति पर दर्ज होगा केस




पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य महिला आयोग ने एक महिला के साथ हो रही घरेलू हिंसा के मामले का संज्ञान लेते हुए पंचकूला पुलिस को महिला के पति पर केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया सोमवार को लघु सचिवालय में महिलाओं से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही थी। उन्होंने 36 अलग-अलग मामलों की सुनवाई की। इस अवसर पर एसीपी सुरेंद्र सिंह, एसीपी अजीत सिंह, एसीपी विक्रम, जिला कार्यक्रम अधिकारी सविता नेहरा, हरियाणा राज्य महिला आयोग के वकील जगदीश, पूनम, कमिशन में असिस्टेंट प्रीति, अंजू तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। दहेज मांगने से संबंधित एक अन्य मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस कारवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए और एक महीने में दोषी को आयोग के सामने प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उत्पीडन के एक अन्य मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में दोनो पक्षों से बातचीत के माध्यम से समझौता करवा दिया गया है। रेनू भाटिया ने प्रार्थी से टेलिफोन के माध्यम से बात कर समझौते की पुष्टि की।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि जिन मामलों की सुनवाई हुई उनमें दहेज, घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीडन्, ससुराल वालों द्वारा प्रताडना्, कार्यस्थल पर उत्पीडन् व अन्य मामलों पर सुनवाई शामिल हैं। रेनू भाटिया ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि दोनो पक्षों को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि दोनो पक्षों की बातें सुनकर पीडितों को जल्द से जल्द न्याय दिलवाया जा सके।

## तमिलनाडु में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा हुई

**मदुरै।** तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है।

कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करो? 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई। दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

## 700 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर 20 लाख के साइबर फ्रॉड में दूसरा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने एक बड़े ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड मामले में अहम सफलता हासिल करते हुए राजस्थान निवासी एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पंचकूला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि उसे व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और 700त्न मुनाफे का लालच दिया गया। शुरुआत में आरोपी गिरोह ने विश्वास जीतने के लिए मामूली मुनाफा दिखाकर रकम वापस भी कर दी, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तारीखों में कुल 20,02,000 रुपये निवेश कर दिए। बाद में उसकी आईडी पर करीब 63 लाख की राशि दिखाकर 15त्न इनकम टैक्स जमा करवाने की शर्त रखी गई, जिससे उसे ठगी का संदेह हुआ। साइबर क्राइम थाना में 29 नवंबर, 2024 को मामला दर्ज किया गया।जांच के दौरान सामने आया कि ठगी की रकम विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी। जांच के आधार पर साइबर क्राइम थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह की अगुवाई में जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जगमीत सिंह ने 29 मार्च को पहले राजस्थान के जालौर निवासी हिम्मता राम को गिरफ्तार किया, आरोपी को 30 मार्च को कोर्ट में पेश कर 7 दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर पूछताछ की गई। आरोपी के खाते में फ्रॉड की 7 लाख रकम पाई गई थी। जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने अपना बैंक खाता अन्य आरोपियों को बेच दिया था। आगे की जांच में पाली (राजस्थान) निवासी प्रमोद कुमार की संलिप्तता सामने आई, जिसे 5 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी प्रमोद ने भी पूछताछ में खुलासा किया कि उसने खाते उपलब्ध करवाकर ठगी में सहयोग किया और उसे हिस्से में पैसे मिले। आरोपी प्रमोद को आज कोर्ट में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है जबकि पहले आरोपी को आज रिमांड खत्म होने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

मामले में आगे की जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा- साइबर ठग अब बेहद सुनियोजित तरीके से लोगों को हाई रिटर्न का लालच देकर जाल में फंसा रहे हैं। पहले छोटे मुनाफे दिखाकर भरोसा जीतना और फिर बड़ी रकम हड़पना इनका आम तरीका बन चुका है। इस केस में भी 700त्न रिटर्न का झूठा वादा कर करीब 20 लाख रुपये की ठगी की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्हाट्सऐप ग्रुप, लिंक या ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर बिना सत्यापन निवेश करना बेहद खतरनाक है। केवल सेबी से पंजीकृत और अधिकृत प्लेटफॉर्म पर ही निवेश करें। संस्था असामान्य रूप से ज्यादा मुनाफा देने का दावा करती है, तो यह स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी का संकेत है। इसलिए अनजान व्हाट्सऐप/टेलीग्राम ग्रुप से मिले निवेश ऑफर से दूर रहें और निवेश से पहले कंपनी/प्लेटफॉर्म की जांच सेबी की वेबसाइट पर करें। कभी भी अपने बैंक खाते/केवाईसी दस्तावेज किसी को न दें और फ्रॉड होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

**भक्ति**

### सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही सर्वोत्तम सत्कर्म : साक्षी गोपाल दास

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास साक्षी गोपाल दास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संसार में अनेक सत्कर्म बताए गए हैं, लेकिन उनमें सर्वोपरि सत्कर्म श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण है। उन्होंने कहा कि जब जीव के करोड़ों जन्मों के पुण्य एकत्र हो जाते हैं, तभी उसके मन में भागवत कथा सुनने की सच्ची प्रेरणा उत्पन्न होती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जब तक धर्म का पालन नहीं करता, तब तक वह वास्तविक सुख की प्राप्ति नहीं कर सकता। धर्म के चार आधार–सत्य, तप, दया और दान–हैं और जो व्यक्ति इनका पालन करता है, वही



जीवन में सुखी और संतुष्ट रहता है। कथा व्यास ने बताया कि कलियुग में अधर्म के बढ़ते प्रभाव के कारण धर्म के तीन आधार कमजोर हो चुके हैं और अब सत्य पर भी संकट बना हुआ है। साक्षी गोपाल दास ने नारद जी का उदाहरण देते हुए कहा कि आकाशवाणी और संत-महात्माओं ने भी सत्कर्म के रूप में भागवत कथा श्रवण को ही सर्वोच्च बताया है। उन्होंने सन्नत कुमारों के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि ÷हरि के दास कभी उदास नहीं होते÷, क्योंकि जो व्यक्ति भगवान की भक्ति में लीन रहता है, उसे सांसारिक दुख प्रभावित नहीं कर पाते। कथा के दौरान उन्होंने भगवान के संदेश को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भक्त पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ उनकी शरण में आता है और निरंतर उनका चिंतन करता है, उसके योग-क्षेम का ध्यान स्वयं भगवान रखते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां भक्ति स्वयं प्रकट होती है और ज्ञान तथा वैराग्य के साथ मिलकर भक्तों के शोक, मोह और भय को समाप्त कर देती है। इससे वातावरण पूर्णतः आनंदमय हो जाता है और भक्तों को आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

कथा के अंत में ÷ठाकुर हमरे रमण बिहारीज÷ भजन पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से झूमते हुए नृत्य किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इसके उपरांत विमल टंडन, दीपक मेहता, रविंद्र कमल खेड़ा, अमित मिड्डा, रामचंद्र, अनिल चोपड़ा, रजनी चोपड़ा, रजनीश चौहान और प्रवीण चौहान ने आरती कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया। प्रेस सचिव के.के. भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल को प्रातः 6ञ्00 बजे से 8ञ्00 बजे तक नगर संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जो सेक्टर-17 स्थित मकान नंबर 8 से प्रारंभ होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह श्रीमद् भागवत कथा 12 अप्रैल तक चलेगी और प्रतिदिन कथा के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

## कुलभूषण गोयल ने अपने निवास पर भाजपा का झंडा फहराया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित अपने निवास पर पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में भाजपा का झंडा फहराया गया और देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। कुलभूषण गोयल ने उपस्थित लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा ने अपने सिद्धांतों, सेवा भावना और जनकल्याणकारी नीतियों के दम पर देशभर में मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

ध्वजारोहण के बाद मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने भाजपा के विकास कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी पार्टी को मजबूती देने का भरोसा जताया।



# आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश
## दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल सहित तीन गिरफ्तार

■ बरामद किए गए ग्रेनेडों पर पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री की मार्किंग, जो सीमा पार के संबंधों को दर्शाता है: डीजीपी




पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) विंग ने तीन मुलजिमों को दो आर्गस हैंड ग्रेनेडों और एक विदेशी ग्लॉक पिस्तौल सहित गिरफ्तार करके पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्ज़ (पीआईओज़) द्वारा चलाए जा रहे आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान तरन तारन के गांव अम्मीशाह के निवासी सरबजीत सिंह, अमृतसर के गांव नंगल पन्नूआं के निवासी बिक्रमजीत सिंह और अमृतसर की इंद्रा कॉलोनी के निवासी अमनदीप सिंह के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि बरामद किए गए ग्रेनेडों पर पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) की मार्किंग है, जो सीमा पार के संबंधों को दर्शाती है।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह मॉड्यूल कई राज्यों में योजनाबद्ध तरीके से पुलिस संस्थानों को निशाना बनाने की कार्रवाई में शामिल रहा है और मुलजिमों की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने उनके मंसूबों को पूरी तरह नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल के अन्य सदस्यों की पहचान, ट्रैकिंग और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। एआईजी स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए कहा कि गुप्त सूचना पर आधारित कार्रवाई में एसएसओसी की पुलिस टीमों ने सरबजीत सिंह और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हैंड ग्रेनेड और पिस्तौल बरामद कर ली।

एआईजी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि इस समूह का मुख्य गुर्गा और पीआईओ का प्राइमरी कॉन्टैक्ट बिक्रमजीत सिंह गुजरात के डीसा से काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि यह जानकारी तुरंत एटीएस गुजरात के साथ साझा की गई थी और उनके सक्रिय सहयोग से मुलजिम बिक्रमजीत सिंह को एसएसओसी अमृतसर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

एआईजी सुखमिंदर मान ने बताया कि जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि सभी मुलजिम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पीआईओज़ के संपर्क में थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आईएसआई हैंडलरों के निर्देश पर काम करते हुए यह समूह पंजाब और अन्य राज्यों में विभिन्न पुलिस संस्थानों पर ग्रेनेड हमले करने की योजना भी बना रहा था।

इस संबंध में पुलिस थाना एसएसओसी अमृतसर में विस्फोटक पदार्थ (संशोधन) अधिनियम की धारा 4, शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 21 दिनांक 03-04-2026 दर्ज की गई है।

# पहले था घाटे में, अब बिजली विभाग पिछले 4 वर्षों से पंजाब के 90% घरों को मुफ्त बिजली देकर भी मुनाफा कमा रहा है: मान

■ पहले बिजली प्लांट बेचे जा रहे थे, लेकिन हमने 540 मेगावाट गोइंदवाल थर्मल पावर प्लांट खरीदकर नया इतिहास रचा



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़; 6 अप्रैल।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के नेतृत्व में राज्य के बिजली क्षेत्र में ऐतिहासिक और संरचनात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने बताया कि जो बिजली विभाग पहले भारी घाटे में चल रहा था, वह अब 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली देने के बावजूद मुनाफा कमा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे सरकार की दूरदर्शी नीतियों, पारदर्शी कार्यप्रणाली और प्रभावी प्रबंधन का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना से अधिकांश परिवारों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है और उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछली सरकारों द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों के निजीकरण की नीति को बदलते हुए 540 मेगावाट का गोइंदवाल थर्मल पावर प्लांट खरीदकर बिजली उत्पादन क्षमता को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में कमी की गई है, जिससे उद्योगों को राहत मिली है और राज्य में निवेश को बढ़ावा मिला है। किसानों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिली है। इसके साथ ही नए सबस्टेशन, ट्रांसफार्मर और ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से बिजली ढांचे को मजबूत किया गया है।

रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अप्रैल 2022 से अब तक पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल में 9593 युवाओं को रोजगार दिया गया है। इनमें 8014 सीधी भर्तियां और 1579 तरस के आधार पर दी गई नौकरियां शामिल हैं। इसके अलावा 1750 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब बिजली विभाग (पीएसपीसीएल) को ए+ रेटिंग प्राप्त हुई है और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल हुआ है। इसे उन्होंने राज्य की बिजली व्यवस्था में सुधार और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर वर्ग को 24 घंटे सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य में लोगों को बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के लगातार बिजली आपूर्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे लोगों का भरोसा बढ़ा है। सिंचाई के क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले केवल 22 प्रतिशत सिंचाई नहरी पानी से होती थी, जो अब बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। सरकार का लक्ष्य इसे आने वाले धान सीजन तक 90 प्रतिशत तक पहुंचाना है। इससे भूमिगत जल पर निर्भरता कम होगी और किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि भाखड़ा नहर की क्षमता 9500 क्यूसेक है, लेकिन सरकार के प्रयासों से अब किसानों को 11,000 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना एक इंच जमीन अधिग्रहित किए नहर की क्षमता बढ़ाना एक बड़ी उपलब्धि है। अब पानी की हर बूंद का हिसाब रखा जा रहा है, जिससे जल प्रबंधन में सुधार हुआ है। बिजली आपूर्ति के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि धान सीजन के दौरान किसानों को आठ घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति दी गई और दिन के समय 95 प्रतिशत बिजली उपलब्ध कराई गई। इससे किसानों को रात के समय काम करने की समस्या से राहत मिली है। रिकॉर्ड उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने 5 जून 2025 को 16,670 मेगावाट की ऐतिहासिक बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो पहले के सभी रिकॉर्ड से अधिक है। यह राज्य की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है। गोइंदवाल थर्मल पावर प्लांट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे 1080 करोड़ रुपये में खरीदा गया, जबकि इसी क्षमता का नया प्लांट लगाने में लगभग 4320 करोड़ रुपये खर्च होते। उन्होंने इसे सरकार का किफायती और दूरदर्शी निर्णय बताया। पहले जीवीके थर्मल पावर प्लांट के नाम से जाना जाने वाला यह संयंत्र अब श्री गुरु अमरदास जी के नाम पर रखा गया है।

### ट्रांसमिशन क्षमता 7400/8000 मेगावाट से बढ़कर 10400/10900 मेगावाट हो गई

उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 में अधिग्रहण के बाद प्लांट के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में प्लांट लोड फैक्टर 34 प्रतिशत से बढ़कर 65 प्रतिशत हो गया, जबकि जुलाई 2024 में यह 90 प्रतिशत और जुलाई 2025 में 82 प्रतिशत तक पहुंच गया। ऊर्जा ढांचे के विस्तार पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसमिशन क्षमता 7400/8000 मेगावाट से बढ़कर 10400/10900 मेगावाट हो गई है। इससे राष्ट्रीय ग्रिड से बिजली आपूर्ति में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पच्छवाड़ा कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति फिर शुरू हो गई है और वर्ष 2024-25 में 70 लाख मीट्रिक टन कोयला सप्लाई किया गया है, जिससे अक्टूबर 2022 से अब तक 1462 करोड़ रुपये की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसी भी थर्मल प्लांट में कोयले की कमी नहीं है। रोपड़ में 41 दिन, लहरा मोहब्बत में 37 दिन और गोइंदवाल साहिब में 32 दिन का कोयला स्टॉक उपलब्ध है, जिससे बिजली उत्पादन सुचारु रूप से जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया ह्लद्धड्डह्ल 206 मेगावाट का शाहपुर कंडी हाइडल प्रोजेक्ट मई 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना पर सितंबर 2025 तक 5192.51 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले छह वर्षों में ग्रीन एनर्जी का उपयोग 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने बताया कि 2720 मेगावाट सौर ऊर्जा 2.33 से 2.97 रुपये प्रति यूनिट की दर पर जोड़ी गई है, जबकि पहले यह दर 15.20 रुपये प्रति यूनिट थी।

## एक नजर

### हिमांशु अग्रवाल को पटियाला का नया डिप्टी कमिश्नर लगाया गया, 12 आईएएस अफसर तब्दील

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** पंजाब में सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने 1 पीसीएस अफसर को तब्दील करने के साथ 12 आईएएस अफसरों को नई ज़िम्मेदारी सौंपी है। कुछ अफसरों को उनके वर्तमान कार्यभार के साथ अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। साथ ही कुछ अफसरों के कार्यभार में बदलाव भी किया गया है। जहां फेरबदल के इस क्रम में कई जिलों के डीसी बदल गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अब आईएएस हिमांशु अग्रवाल को पटियाला का नया डिप्टी कमिश्नर लगाया गया है। आकाश बंसल को कपूरथला का डीसी नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस वरजीत वालिया को जालंधर का डिप्टी कमिश्नर, अमित कुमार पांचाल को मुक्तसर का डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

### सनातन वर्ल्ड आर्चरी फाउंडेशन द्वारा सातवां वार्षिक एथलीट कार्यक्रम आयोजित

**मूनक, 6 अप्रैल।** हाल ही में मूनक खेल स्टेडियम में संपन्न हुए सनातन वर्ल्ड आर्चरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित सातवां वार्षिक एथलीट कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्था के चेयरमैन और डायरेक्टर विक्रम सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बच्चों और युवा पीढ़ी को एक बेहतर दिशा देना है, ताकि आने वाले समय में पूरे भारत के बच्चे और युवा खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप गर्ग (शंटू बाबू), प्रिंसिपल राजन दुबे, सोनी जैलदार (चेयरमैन), श्याम सुंदर, करण ढिल्लों, परवीन अरोड़ा, रामलाल सैनी, नीतेश नैन, गुरविंदर सिंह, समूह प्रेस क्लब मूनक आदि बच्चों को अपना आशीर्वाद देने पहुंचे।

### डेराबस्सी कोर्ट व तहसील परिसर को बम से उड़ाने की ई-मेल धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला

**डेराबस्सी, 6 अप्रैल।** डेराबस्सी कोर्ट परिसर और तहसील परिसर को बम से उड़ाने की ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद सोमवार को इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सब इंस्पेक्टर कलवंत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पूरे कोर्ट और तहसील परिसर को खाली करवा दिया। इस दौरान वहां मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एहतियात के तौर पर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया। कई घंटे तक चली सघन जांच के दौरान हर कोने की बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस टीम ने परिसर के अंदर और आसपास के क्षेत्रों को पूरी तरह खंगाला, लेकिन जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली और स्थिति को सामान्य घोषित किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह धमकी भरा ई-मेल किसने भेजा है, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। साइबर टीम को भी मामले में लगाया गया है ताकि ई-मेल के स्रोत का पता लगाया जा सके।

### 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 401वें दिन 101 नशा तस्कर काबू

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 76वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 322 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने की एक निर्णायक मुहिम है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं। 76वें दिन पुलिस टीमों ने 133 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 19,248 हो गई है। इसके अलावा 43 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 46 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 2 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से गोपनीय रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

# फॉर्च्यूनर पर फर्जी नंबर लगाकर करते थे ठगी, गिरोह का पर्दाफाश




**जीरकपुर।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गाड़ियों का पंजीकरण करने और ठगी मारने वाले एक बड़े गिरोह का जीरकपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाए गए आरोपी सुभाष चंद को गिरफ्तार किया था, जो फिलहाल पुलिस रिमांड पर चल रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिसके बाद पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और फर्जीवाड़े के मुख्य ठिकानों तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी सुभाष चंद बेहद शातिर और चालाक है। वह पूछताछ के दौरान पुलिस का समय खराब करने के लिए लगातार गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस अब उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत पर फॉर्च्यूनर कार के जाली दस्तावेज तैयार कर उसे आगे बेचने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने पीड़ित को झांसे में लेकर खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराए और उसकी कीमती गाड़ी किसी और के नाम कर दी।

### 15 लाख रुपये गिरवी रखने के नाम पर हुई थी ठगी

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित राकेश यादव निवासी साही माजरा, मोहाली की शिकायत पर पुलिस ने शिव कुमार सूद, अनिल और बिट्टू चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपियों ने मिलीभगत करके पीड़ित की फॉर्च्यूनर कार को 15 लाख रुपये में गिरवी रखने के दौरान उस पर फर्जी नंबर लगाकर उसके साथ बड़ी ठगी को अंजाम दिया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सुभाष चंद की बिलासपुर दफ्तर में तैनाती के दौरान वहां के पूर्व क्लर्क गौरव भारद्वाज ने उसकी यूजर आईडी का इस्तेमाल करने के लिए कई बार ओटीपी मांगे थे। इसी यूजर आईडी का गलत इस्तेमाल करके अन्य राज्यों की गाड़ियों को फर्जी तरीके से बिलासपुर स्टेट में ट्रांसफर किया गया। जांच अधिकारी जीवन सिंह ने बताया कि गाड़ी से जुड़े फर्जी दस्तावेजों की रिकवरी के लिए पुलिस टीम आरोपी को साथ लेकर बिलासपुर दफ्तर पहुंची थी, लेकिन गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के कारण रिकॉर्ड हासिल नहीं हो सका। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि संजीव कुमार निवासी पठानकोट नाम का एक एजेंट भी चोरी की गाड़ियों के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाता था। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश और रिकॉर्ड बरामदगी के लिए आरोपी का 4 दिन का और रिमांड लिया है।



# 1388 करोड़ के वार्षिक एक्शन प्लान के साथ कृषि क्षेत्र को मिलेगी टिकाऊ दिशा: खुड्डियां

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** राज्य के कृषि क्षेत्र की स्थिति को बदलने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कृषि विभाग के विभिन्न प्रोजेक्टों को लागू करने हेतु 1,388 करोड़ रुपये के वार्षिक एक्शन प्लान(कार्य योजना) को अंतिम रूप दे दिया है। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने दी।

सोमवार को यहां अपने कार्यालय में परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए स. खुड्डियां ने कहा कि यह एक्शन प्लान, जिसे पहले ही मंजूरी के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा जा चुका है, में फसल अवशेषों के प्रभावी प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर विशेष ध्यान दिया गया है।

कृषि मंत्री ने बताया कि खेतों में पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) योजना के तहत 600 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा बजट रखा गया है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य किसानों को सब्सिडी पर इन-सीटू (खेत के भीतर) और एक्स-सीटू (खेत के बाहर) मशीनरी उपलब्ध करवाना है, ताकि पराली जलाने का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।'

भूमिगत जल के गिरते स्तर को रोकने के लिए 'प्रति बूंद अधिक फसल' घटक के तहत 33.33 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिससे ड्रिप, स्प्रिंकलर और रेन गन जैसे जल बचत उपकरणों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान बीज सुधार और कपास प्रदर्शन परियोजनाओं पर 51.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि कृषि मशीनीकरण उप-मिशन के तहत कृषि की दक्षता बढ़ाने के लिए 95 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को अधिक पानी की खपत वाली धान फसल की बजाय मक्का, दलहन और तिलहन की ओर प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण हेतु 50.30 करोड़ रुपये रखे गए हैं। रसायन मुक्त खेती के लिए राष्ट्रीय अभियान के तहत प्राकृतिक खेती हेतु 8.25 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा दलहन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए 4.17 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी।

# मान सरकार ने टैक्स चोरी पर रिकॉर्ड प्रवर्तन के जरिए 1,137 करोड़ रुपये की वसूली की: चीमा

■ खुफिया जानकारी आधारित कार्रवाई से 1,383 करोड़ रुपये का जुर्माना, पंजाब के टैक्स प्रवर्तन में बड़ा बदलाव

■ फर्जी बिलिंग और धोखाधड़ी नेटवर्क पर सख्ती, 8 एफआईआर दर्ज, 15 गिरफ्तारियां



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में टैक्स चोरी के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए, वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने यहां घोषणा की कि पंजाब सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रवर्तन के क्षेत्र में रिकॉर्ड परिणाम हासिल किए हैं, जो खुफिया जानकारी आधारित कार्रवाई और राजस्व सुरक्षा की दिशा में एक निर्णायक बदलाव को दर्शाते हैं। कारगुजारी का विवरण देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स की लक्षित और खुफिया जानकारी आधारित कार्रवाई के कारण राज्य के कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 1,383.11 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया। इसमें से 1,137.85 करोड़ रुपये की वसूली पहले ही की जा चुकी है, जो प्रवर्तन की दक्षता और राजस्व संग्रह में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।' इस सफलता की आधारशिला के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'निरीक्षण आधारित प्रवर्तन ने मुख्य भूमिका निभाई, जिसमें 1,215.95 करोड़ रुपये का जुर्माना और 972.15 करोड़ रुपये की वास्तविक वसूली शामिल है। इसके अलावा, सड़क चेकिंग अभियानों ने 165.71 करोड़ रुपये का योगदान दिया। यह प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में कई गुना सुधार को दर्शाता है। वर्ष 2024-25 में निरीक्षण प्रवर्तन के तहत 147.28 करोड़ रुपये का जुर्माना और 41.53 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी, जबकि सड़क चेकिंग से 157.14 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। वर्ष 2025-26 में यह उल्लेखनीय वृद्धि राज्य की जांच, प्रवर्तन और वास्तविक राजस्व संग्रह क्षमता में बड़े बदलाव को उजागर करती है।' धोखेबाज़ नेटवर्करों पर सख्ती का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'कर विभाग ने वर्ष भर में 8 एफआईआर दर्ज कीं और 15 गिरफ्तारियां कीं। दो प्रमुख मामलों में सात व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आई और 385 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी लेन-देन का पर्दाफाश हुआ। इन लक्षित कार्रवाइयों से बिना वास्तविक आपूर्ति के फर्जी इनवॉइस जारी करने वाली फर्मों द्वारा 69.57 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी उजागर हुई।' उन्होंने आगे कहा, 'माल की अवैध ढुलाई और फर्जी बिलिंग नेटवर्क के खिलाफ बठिंडा, मंडी गोबिंदगढ़, लुधियाना और चंडीगढ़ में अन्य एफआईआर दर्ज की गईं। एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में 9 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करने के आरोप में लुधियाना के एक संचालक को गिरफ्तार किया गया।' उन्होंने बताया, 'विभाग के आधुनिक खुफिया नेटवर्क ने कई बड़े खुलासे किए, जिनमें लुधियाना में सोने के लेन-देन में 900 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग, मोहाली, खरड़ और कोटकपूरा में कोयले के अवैध लेन-देन में 226 करोड़ रुपये, और लुधियाना व मंडी गोबिंदगढ़ में सक्रिय 423 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग नेटवर्क शामिल हैं। इसके अलावा, जांच के दौरान 'पेट पूजा ऐप' से जुड़े 200 करोड़ रुपये के घोटाले का भी पर्दाफाश हुआ, जो आधुनिक टैक्स चोरी नेटवर्क की जटिलता और व्यापकता को दर्शाता है।'

वेरिफिकेशन अभियानों के बारे में उन्होंने कहा, 'केंद्रित जांच के दौरान 1,579 संदिग्ध डीलरों की पहचान की गई। कड़ी जांच के बाद इनमें से 922 इकाइयों का अस्तित्व ही नहीं पाया गया और केंद्र सरकार के साथ समन्वय कर उनकी पंजीकरण रद्द कर दी गई।' आईटीसी नियंत्रण उपायों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'मजबूत नियंत्रण उपायों के चलते 244.82 करोड़ रुपये को सक्रिय रूप से ब्लॉक किया गया और 206.64 करोड़ रुपये की रिकवरी सुनिश्चित की गई। इन कदमों से अतिरिक्त 19.08 करोड़ रुपये की नकद वसूली के साथ कुल 451.46 करोड़ रुपये राज्य के खजाने में सुरक्षित किए गए।' फील्ड प्रवर्तन में तेजी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, 'मंडी गोबिंदगढ़ और लुधियाना में एक साथ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक ही दिन में रिकॉर्ड 141 वाहनों को जब्त किया गया।

### स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट, टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट और 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना की भूमिका महत्वपूर्ण रही

संस्थागत और तकनीकी दक्षता को सफलता का श्रेय देते हुए उन्होंने कहा, 'स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट, टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट और 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना की भूमिका महत्वपूर्ण रही। आधुनिक डेटा विश्लेषण, रियल-टाइम ई-वे बिल ट्रैकिंग, सतत खुफिया जानकारी और नए डिजिटल प्रवर्तन पोर्टल्स ने इस सफलता में अहम योगदान दिया है। इन तकनीकी सुधारों ने जमीनी स्तर पर तेज और समन्वित कार्रवाई को संभव बनाया है।' भगवंत मान सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रदर्शन पंजाब में कर अनुपालन और राजस्व संग्रह को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। धोखाधड़ी नेटवर्क को समाप्त करने, ईमानदार व्यापारिक प्रथाओं को बढ़ावा देने, करदाताओं के हितों की रक्षा करने और राज्य के राजस्व को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी और तेज गति से जारी रहेगी।'

## एक नजर

### भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

**रादौर.** भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस सोमवार को शहर में अपने निवास स्थान की छत पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पार्टी का झंडा फहराकर मनाया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर साल 6 अप्रैल को मनाया जाता है। 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में एक कन्वेंशन के दौरान पार्टी का औपचारिक गठन हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष चुने गए थे। यह दिन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी की विचारधारा और सेवा के संकल्प के रूप में मनाया जाता है। 1996 में पार्टी को संसद में बडे दल के रूप में मान्यता मिली। 1998 के आम चुनावों के बाद भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का गठन हुआ। जिसके नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनी। 2014 के आम चुनावों में देश के लोगों ने भाजपा को अपना बहुमत देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम किया। भाजपा ने 1984 के बाद पहली बार भारतीय संसद में किसी एक दल को पुर्ण बहुमत मिला था। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, अमित गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नशा मुक्त जीवन ही जीने का सही व सच्चा तरीका: आरके सुल्लर

**कैथल.** एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. के. सुल्लर से हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने मुख्यालय कार्यालय में औपचारिक भेंटवार्ता की। इस दौरान नरेश कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया और संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। भेंटवार्ता के पश्चात पटियाला से कैथल आने के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि जिला पुलिस कप्तान मनप्रीत सूदन के नेतृत्व में नशे के खिलाफ चलाई जा रही जागरूकता मुहिम को और अधिक गति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं सहित समाज के हर वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। हरियाणा प्रभारी नरेश कुमार ने आगे कहा कि इस अभियान के तहत सेमिनार आयोजित किए जाएंगे तथा जागरूकता रैलियां भी निकाली जाएंगी। इसके साथ ही हरियाणा सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1933 के बारे में भी युवाओं को जानकारी दी जाएगी, ताकि वे नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की शिकायत कर सकें। आर. के. सुल्लर ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर नशा छोड़ो, जीवन सुधारो का संदेश दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश की असली ताकत है और समाज को नशामुक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर ईश्वर दास गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**कैथल.** इनेलो के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक़ के नेतृत्व में ताऊ देवीलाल पार्क में पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं किसान नेता ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को याद किया। इस दौरान अनिल तंवर ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनकी नीतियां और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ताऊ देवीलाल केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों के सच्चे हितैषी और जननायक थे। इस मौके पर शशी वालिया, सोनू करोड़ा, बिल्लु प्रजापत, राम प्रकाश गोगी, ईश्वर मैहला, रकम सिंह नंबरदार, ईसम सिंह नंबरदार, शमशेर कुराड़, महावीर पट्टी अफगान, सतीश गर्ग, रघुवीर शिमला, यशपाल बनवाला, सलिन्दर राणा, अभे राम भुक्कल, बलकार बल्लू, रोहित कैलरम, धर्मपाल मलिक, दलबीर सिंह, रणधीर, होशियारा, सतीश छोत, राममेहर खुराना, पवन शर्मा, रमेश भयान, राजबीर ढुल, महीपाल नैना और भूप नैना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चिराग योजना द्वारा सार्वजनिक शिक्षा को बर्बाद कर रही सरकार: विजेंद्र मोर

**कैथल.** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन के राज्य चेयरमैन धर्मेंद्र ढांडा, राज्य प्रधान विजेंद्र मोर, महासचिव सुनील यादव कोषाध्यक्ष वेदपाल रिढाल, ऑडिटर सुनील गोयल, प्रेस सचिव बूटा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार चिराग योजना के नाम पर सरकारी स्कूलों को बर्बाद करना चाहती है। सरकार ने चिराग योजना के नाम पर 2026-27 सत्र के लिए करोड़ के बजट का प्रावधान किया है जो कि पिछले वर्ष से10.28 प्रतिशत अधिक है। यह बजट प्राइवेट स्कूलों के लिए रखा गया है। अगर यह बजट सरकारी स्कूलों पर खर्च किया जाए तो उनकी स्थिति काफी बेहतर हो सकती है। इतने बजट में सरकारी स्कूल में इंफ्रास्ट्रक्चर और अध्यापकों की उपलब्धता आसानी से कराई जा सकती है। लेकिन सरकार की मंशा सरकारी स्कूलों को बर्बाद करने की है न कि उनकी स्थिति में सुधार करने की। एक तरफ तो सरकार पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूल खोल रही है दूसरी तरफ सरकारी खजाने को प्राइवेट स्कूलों पर लुटाया जा रहा है। धर्मेंद्र ढांडा ने सरकार से मांग की है कि चिराग योजना के नाम पर जो प्राइवेट स्कूलों का पोषण किया जा रहा है, उसे तुरंत बंद किया जाए। चिराग योजना के लाभार्थी बच्चों को पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूलों में या सामान्य स्कूलों में दाखिला करवाएं ताकि वह निशुल्क और उत्तम शिक्षा प्राप्त कर सकें। राज्य प्रधान विजेंद्र मोर ने चेतावनी दी कि अगर सरकारी खजाने को प्राइवेट स्कूलों पर लुटाना जारी रखा गया तो एसोसिएशन इसका कड़ा विरोध करेगी। सरकार का यह दोहरा मापदंड अति निंदनीय है तथा सार्वजनिक शिक्षा को बर्बाद करने वाला है।

### चेयरमैन वड़ैच ने गुमथला गढू मंडी का किया औचक निरीक्षण

**पिहोवा.** मार्किट कमेटी पिहोवा के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि खरीद केन्द्रों और मंडियों में किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इन खरीद केन्द्रों पर प्रशासन की तरफ से तमाम व्यवस्थाएं की गई है। अगर किसी किसान और व्यापारी को किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वह मौके पर अधिकारी या कर्मचारी अपनी समस्या का हल करवा सकता है या फिर उनसे सीधे सम्पर्क कर सकता है। चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच सोमवार को गुमथला गढू मंडी में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच, मार्किट कमेटी के सचिव, मंडी सुपरवाइजर और मंडी प्रधान ने गांव गुमथला गढू में गेहूं की खरीद का कार्य शुरू करवाया और गेहूं की नमी को भी चेक किया।

#### मुख्यमंत्री सैनी, बड़ौली और डा. पूनिया ने किया अटल की 9 फीट की प्रतिमा का अनावरण

# राष्ट्र निर्माण में भाजपा नेतृत्व की निर्णायक भूमिका : सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**गुरुग्राम.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आज भारत ने वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान स्थापित की है, जिसकी मजबूत नींव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में रखी गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा विचारधारा आधारित राजनीति करते हुए राष्ट्र को सशक्त और विकसित बनाने के संकल्प के साथ आगे बड़ी है।

वरिष्ठ नेताओं के त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसंघ जैसे संगठन को भी व्यापक लक्ष्य के लिए विलय किया गया। यह भाजपा की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें सत्ता या संगठन से ऊपर राष्ट्र निर्माण और भारत को उच्चतम शिखर पर पहुंचाने का संकल्प सर्वोपरि रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गुरुकमल में पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री, पार्टी के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी की 9 फुट मूर्ति का अनावरण भी किया। मूर्ति अनावरण के मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मौजूद रहे। इससे पहले गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने भाजपा कार्यालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उन मूल्यों और आदर्शों की याद दिलाने का अवसर है, जिन्हें महान नेताओं ने अपने तप और परिश्रम से संगठन में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना केवल एक राजनीतिक दल के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और मजबूत विचारधारा के उदय के रूप में हुई थी। 6 अप्रैल 1980 को रखी गई इस नींव ने आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है, जो विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफर के पीछे करोड़ों कार्यकर्ताओं का त्याग, परिश्रम और समर्पण है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विचारधारा आधारित राजनीति करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर आगे बड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत नई विकास ऊंचाइयों को छू रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी पहलों से गांवों को सड़कों से जोड़कर विकास की मजबूत नींव रखी गई, वहीं सुशासन और दूरदर्शी नीतियों ने देश को नई दिशा दी। इसी मार्ग को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गति को अभूतपूर्व तेजी मिली है और देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया और अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 व धारा 35-ए को हटाकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड भारत के सपने को साकार किया गया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में समर्पित नेतृत्व और करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से गरीब, किसान और आमजन के जीवन में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। आयुष्मान योजना जैसी पहल से लाखों लोगों को नि:शुल्क उपचार मिला। हर घर जल, पारदर्शी रोजगार व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने जीवन स्तर को बेहतर बनाया है।

#### बलिदान से विकास तक राष्ट्र निर्माण की वैचारिक यात्रा: पुनिया

हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पुनिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक की यह यात्रा विचारधारा, त्याग और राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित रही है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन मॉडल ने मजबूत नींव रखी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि गांव, गरीब और किसान के जीवन में सुधार, आधारभूत ढांचे का विस्तार और राष्ट्रीय गौरव की पुनर्स्थापना इस यात्रा की पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, समर्पण और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के बल पर आगे ब?ती यह विचारधारा आज भी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती से आगे ले जा रही है, जिसका परिणाम हरियाणा सहित देशभर में संगठन और सरकार के रूप में स्पष्ट दिखाई देता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जिस विचार और जनसेवा के संकल्प के साथ हुई थी, आज वही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और जनभावनाओं से जुड़े प्रयासों के कारण ही पार्टी को निरंतर जनविश्वास मिला है और हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसी भावना के साथ

## भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, ये पार्टी सिद्धांतों से चलती है : विज

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अंबाला.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि "भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बडी पार्टी है। ये पार्टी सिद्धांतों से चलती है और इस पार्टी के मुख्य सिद्धांत अंतोदय, सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा आर्थिक विकास" इत्यादि है। उन्होंने कहा कि हम वैचारिक पार्टी है तथा बाकी पार्टियों की तरह भेडों का झुण्ड नहीं है। विज आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर झण्डा फहराने के उपरांत मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि हाल ही में अंबाला छावनी में हमने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं हेतू शिविर का आयोजन किया था और वहां पर कार्यकर्ताओं को 24 घंटे के लिए रखा गया। श्री विज ने बताया कि इस शिविर में कार्यकताओं को पार्टी के सिद्धांत, कार्य पद्धति, विचारधारा, संगठनात्मक विषयों पर बताया गया और चर्चा की गई।

मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान श्री विज ने भारतीय जनता पार्टी के गठन के संबंध में उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1951 में जनसंघ राजनीतिक पार्टी की स्थापना हुई थी। इस पार्टी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने लंबे समय तक संचालित किया।

श्री विज ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकलापों को कटघरे में खडा करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने जब देश में आपातकाल लागू किया था, तब इंदिरा गांधी द्वारा बिना कसूर के देश के कई नेताओं को उठा-उठाकर जेलों में डाल दिया गया था, इस कदम की वजह से जनता का रोष इंदिरा गांधी के खिलाफ बढा तो उन्होंने आपातकाल समाप्त करके चुनाव की घोषणा करवा दी।

उन्होंने बताया कि तत्कालीन चुनावों में इंदिरा गांधी को शिकस्त देने के लिए सभी पार्टियों ने जनता पार्टी बना ली। इसके बाद जनता पार्टी ने चुनाव लडा और जनता पार्टी की सरकार रही, लेकिन कुछ साल बाद यह बिखर गए। जनता पार्टी के बिखरने के बाद 6 अप्रैल, 1980 को जनसंघ के लोगों ने अलग पार्टी बना ली, जिसका नाम भारतीय जनता पार्टी रखा गया। उन्होंने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है।

अंबाला छावनी के शाहपुर में "ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान" और "आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन" की स्थापना के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि ड्राइविंग लाईसेंस बनाने के लिए ड्राइविंग का सर्टिफिकेट होना जरूरी है और इसके लिए लोगों को दूर-दूर जाना पडता था।

## भाजपा आज बन चुकी है विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : ज्योति सैनी

- भाजपा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 47वां स्थापना दिवस
- आधा दर्जन ने थामा भाजपा का दामन

**कैथल.** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम, सुशासन, विकास और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है।

जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और निष्ठा को जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो देशहित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने सिद्धांतों और कार्यशैली से जनता का विश्वास जीता है और आने वाले समय में भी यही विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी रहेगा। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता को विशेष प्राथमिकता देती है।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने हर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कार्य किए हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न पार्टियों से आए नेताओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। इनमें राकेश खानपुर कैथल जिला परिषद पार्षद, पूनम सुल्तानिया इनेलो से गुहला विधानसभा प्रत्याशी, रामकरण सजूमा ब्लॉक समिति मेम्बर, साधना गर्ग भजन गायिका शामिल रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कैथल मुनीष कठवाड़, पूर्व मंत्री हरियाणा कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, राव सुरेंद्र सिंह, राजपाल तंवर, जिला महामंत्री भाजपा सुरेश संधू, मुनीश शर्मा, कैथल जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र पांचाल, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा हिमांशु गोयल, सतबीर भाना, कैथल नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, चीका नगर पालिका चेयरपर्सन रेखा रानी, सीवन नगर पालिका चेयरपर्सन हेमलता सैनी, कलायत नगर पालिका चेयरमेन अंकित जेलदार, राजौंद नगर पालिका चेयरपर्सन बबीता, शैली मुंजाल, जंगीर सिसला, शक्ति सोथा, जिला कार्यालय प्रमुख हरिचंद जांगड़ा, सतपाल भारद्वाज, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र बत्रा, राकेश खानपुर पार्षद जिला परिषद कैथल, अक्षरा गुप्ता, उषा मचल, रिंकू सैनी, विक्की सैनी आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड के आईटीआई टॉपर्स आज लेंगे प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र.** कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर द्वारा 'नवीन अवसर' पहल के अंतर्गत, 7 अप्रैल 2026, मंगलवार को उत्तराखंड के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के टॉपर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर मार्गदर्शन एवं युवा रोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उत्तराखंड के विभिन्न जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, उधम सिंह नगर, देहरादून, गढ़वाल, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और उत्तरकाशी से चयनित मेधावी आईटीआई छात्र भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को करियर की स्पष्ट दिशा, उद्योग से जुड़ा अनुभव और रोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने कौशल के अनुरूप बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। अभिषेक ने बताया कि आईटीआई पोखरा, गढ़वाल के प्राचार्य गौरव के प्रयासों से विभिन्न आईटीआई संस्थानों से टॉपर छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। करियर काउंसलिंग और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार के विभिन्न अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम द्वारा सभी युवाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी, ताकि युवा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन और सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही मोबाइल साइंस लैब सर्कस ऑफ साइंस में भी युवा विज्ञान के प्रयोग करना सीखेंगे। यह पहल नवीन जिन्दल फाउंडेशन और कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर कुरुक्षेत्र की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वे कुशल युवाओं को सशक्त बनाते हुए उन्हें सार्थक रोजगार अवसरों से जोड़ने और उनके समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## उपायुक्त ने अनाज मंडियों का किया निरीक्षण

**शहजादपुर/नारायणगढ़.** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आज शहजादपुर तथा नारायणगढ़ अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं व सरसों खरीद की व्यवस्थाओं एवं प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मण्डी के आढतियों एवं किसानों से बातचीत की और उनकी समस्या के समाधान के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उपायुक्त ने मंडी गेट पर बनाए गए किसान सहायता केंद्र और ऑनलाइन गेट पास प्रणाली का निरीक्षण किया तथा मार्केट कमेटी सचिवों को निर्देश दिए कि पीक सीजन को देखते हुए पर्याप्त मशीनें और कर्मचारी तैनात किए जाएं, ताकि किसानों को गेट पास लेने में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई, पेयजल, तौल, फसल सत्यापन और बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद 2585 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों की खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में बिजली, पानी, सफाई, तौल, उठान और भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।

#### स्थापना दिवस को बताया राष्ट्रसेवा के संकल्प का पर्व

## भाजपा स्थापना दिवस पर डांगरा में गूंजा 'राष्ट्र प्रथम' का संकल्प, बराला ने किया ध्वजारोहण

पंचकूला ऑब्जर्वर



**टोहाना.** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने पैतृक गाँव डांगरा (विधानसभा टोहाना) के बूथ संख्या 148 पर पार्टी ध्वज का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति निष्ठा और जनकल्याण के संकल्प को और मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने सिद्धांतों, नीतियों और कार्यकर्ताओं की निष्ठा के बल पर देश की राजनीति में एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान बनाई है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी सेवा और विकास के इस पथ पर निरंतर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही देश की प्रगति का आधार है और प्रत्येक कार्यकर्ता इस दिशा में अहम भूमिका निभाता है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और भाजपा सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य करना है। सांसद ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया। बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर देते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप डांगरा, सूरजभान धत्तरवाल, जिले सिंह धत्तरवाल, सुरजीत चेयरमैन, सतीश मील, बलराज नंबरदार, कृष्ण मेहरिया, बलबीर जांगड़ा, उमेद मूंड, अनिल जांगड़ा, मिट्ठू नंबरदार सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**नारायणगढ़.** नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने नारायणगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड और स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं रखीं। शिविर के दौरान गांव अंधेरी के कृष्ण लाल ने वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित समस्या रखी। वहीं नारायणगढ़ के रामेश्वर दास ने परिवार पहचान पत्र में नाम संशोधन तथा आय कम करवाने का अनुरोध किया। गांव संगरानी की रानी देवी ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने संबंधी समस्या रखी।



# वात प्रकृति वाले के लिए चावल का सेवन वरदान या नुकसान

मनुष्य का शरीर प्रवृत्ति पर आधारित होता है और उसी के आधार पर अगर जीवनशैली और आहार को चुना जाए तो आधी बीमारियों का अंत तय है। हालांकि आज के समय में शरीर की प्रवृत्ति के अनुसार आहार लेना मुश्किल है। यही कारण है कि गलत खान-पान की वजह से शरीर में रुखापन, पाचन अग्नि मंद और मधुमेह से लेकर थायराइड हर घर की समस्या बनती जा रही है, विशेषकर वात प्रवृत्ति वालों के लिए। ऐसे में यह जान लेना ज्यादा जरूरी है कि वात प्रवृत्ति के लोगों को चावल का सेवन करना चाहिए या फिर नहीं। आयुर्वेद के अनुसार, वात दोष का स्वभाव हल्का, ठंडा और रूखापन देने वाला होता है, जबकि चावल का स्वभाव स्वाद में मीठा, ठंडा और पाचन में आसान होता है। ऐसे में अगर कुछ नियमों के साथ चावल का सेवन किया जाए तो



यह वात को शांत करने में मदद करेगा। अब सवाल है कि वात प्रवृत्ति वाले लोगों को चावल का सेवन कैसे करना चाहिए। इसके लिए 1 साल पुराना चावल खाएं, क्योंकि चावल जितना पुराना होता है, उतना ही गुणों से भरपूर होता है। इसके साथ ही हमेशा गर्म और ताजा चावल ही खाएं। फ्रिज में रखा ठंडा और पुराना चावल वात को बढ़ा सकता है और पाचन की समस्या पैदा कर सकता है। चावल का सेवन हमेशा घी के साथ करें। घी चिकनाई से भरा होता है और वात को शांत कर शरीर के रुखेपन को शांत करने में मदद करता है। ध्यान रखने वाली बात यह भी है कि चावल का सेवन हमेशा दोपहर के वक्त लंच में ही करें। इस वक्त पाचन अग्नि तेज होती है और तरह का खाना पचाने में समर्थ होती है। वात प्रवृत्ति वालों को चावल के साथ दही का सेवन करने से बचना चाहिए। इससे शरीर में वात का असंतुलन पैदा होता है। कोशिश करें कि चावल को मूंग की दाल और एक चम्मच घी के साथ खाएं। इससे चावल और शरीर का शुष्कपन कम होगा। इसके अलावा, वात प्रवृत्ति वालों को रात के समय चावल खाने से परहेज करना चाहिए। रात के समय चावल का सेवन कफ और वात दोनों को असंतुलित कर सकता है।



## अनूप जलोटा और शिथी साहा की ग़ज़ल का जादू

मुंबई की शांत और सुकून भरी शाम में जब सुरों ने आकार लिया, तो एक अनोखी संगीत यात्रा जन्मी। मशहूर ग़ज़ल गायक अनूप जलोटा ने अपने घर पर बांग्लादेश की प्रतिभाशाली गायिका शिथी साहा के साथ मिलकर एक खास ग़ज़ल वीडियो शूट किया, जो सरहदों से परे जाकर संगीत की एकता का संदेश देता है। यह सहयोग सिर्फ दो आवाज़ों का मेल नहीं, बल्कि दो संस्कृतियों के भावनात्मक संगम की कहानी है। जलोटा की गहराई और अनुभव जहां ग़ज़ल को क्लासिक आत्मा देते हैं, वहीं शिथी साहा की ताज़गी और संवेदनशीलता इसमें एक नया रंग भरती है। वीडियो को एक निजी और कलात्मक परिवेश में फिल्माया गया, जहां हर फ्रेम में शायरी और एहसास की खूबसूरती झलकती है। प्यार, तड़प और दिल की अनकही बातों को बयां करती यह ग़ज़ल पारंपरिक अंदाज़ के साथ आधुनिक प्रस्तुति का बेहतरीन उदाहरण है। आने वाला यह प्रोजेक्ट न सिर्फ ग़ज़ल प्रेमियों को लुभाएगा, बल्कि नई पीढ़ी को भी इस विरासत से जोड़ने का काम करेगा।

## सोनाली राउत के खुलासों से हिला रियलिटी शो

रियलिटी शो की चमक-दमक के पीछे छिपी सच्चाइयों को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। इस बार मामला जुड़ा है बिग बॉस मराठी 6 और अभिनेत्री सोनाली राउत से, जिन्होंने शो के निर्माताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए सनसनी मचा दी है। उनका दावा है कि शो के दौरान उन्हें अस्वच्छ माहौल, भूख, नींद की कमी और मानसिक-शारीरिक दबाव जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिसने उनकी सेहत पर गहरा असर डाला। सोनाली के मुताबिक, घर के अंदर की हालत बेहद चिंताजनक थी। उन्होंने आरोप लगाया कि किचन में चूहों की मौजूदगी, खाने में कॉकरोच और सीमित संसाधनों के कारण प्रतियोगियों को बेहद असहज परिस्थितियों में रहना पड़ा। उनका कहना है कि 17 लोगों के लिए एक ही वॉशरूम का इस्तेमाल कराया गया, जहां साफ-सफाई का अभाव था। इतना ही नहीं, तौलिया, बेडशीट और जरूरी व्यक्तिगत चीजों को साझा करने की मजबूरी भी थी, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया। भिनेत्री ने यह भी दावा किया कि इन हालातों के चलते उन्हें स्केबीज़ जैसी संक्रामक बीमारी हो गई, जिसका असर शो से बाहर आने के बाद भी जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल सुविधाएं पर्याप्त नहीं थीं और उनकी स्वास्थ्य संबंधी अपीलों को नजरअंदाज किया गया। इस विवाद ने रियलिटी टीवी की नैतिकता और प्रतियोगियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कॉमेडी अवतार में दर्शकों को सरप्राइज देगी प्रिंसी

ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी मेहनत, लगन और सहज व्यक्तित्व से पहचान बना रहीं अभिनेत्री प्रिंसी इन दिनों अपनी आगामी हिंदी फीचर फिल्म जान अभी बाकी है को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह पहली बार कॉमेडी अंदाज़ में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के करियर से बिल्कुल अलग और दर्शकों के लिए ताज़गी भरा अनुभव साबित होगा। छोटे लेकिन प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करने वाली प्रिंसी ने धीरे-धीरे अपनी अभिनय क्षमता के दम पर इंडस्ट्री में मजबूत जगह बनाई है। वह पहले फिल्म शुभ रात्रि में दिखाई दे चुकी हैं, वहीं ज़ी म्यूजिक से रिलीज़ हुए म्यूजिक वीडियोज़ माहिया वे और तुमसे ही में उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस को खासा सराहा गया। थप्पड़ और मैं रौंडिया जैसे प्रोजेक्ट्स के अलावा टीवी और वेब सीरीज़ में काम कर उन्होंने अपने टैलेंट की विविधता भी साबित की है। विज्ञापन जगत में भी प्रिंसी की सक्रिय मौजूदगी रही है, जहां उन्होंने इलेक्ट्रिक एक्सियो स्कूटी सहित कई ब्रांड्स के लिए काम किया और मॉडलिंग के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई। बचपन से ही डांस और एक्टिंग के प्रति जुनून रखने वाली प्रिंसी ने थिएटर और एक्टिंग क्लासेस के जरिए खुद को निखारा और लगातार ऑडिशन के दम पर आगे बढ़ती रहीं। प्रिंसी अपने हर किरदार को गहराई से समझकर निभाने में विश्वास रखती हैं। उन्हें ऋषि कपूर की फिल्म नसीब अपना अपना और क्लासिक दोस्ती बेहद पसंद है, जबकि समकालीन अभिनेत्रियों में वह कृति सैनन से प्रेरित हैं। उनका लक्ष्य ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना है जो कहानी और भावनाओं के जरिए दर्शकों के दिलों पर स्थायी असर छोड़ें।







## महंगाई पर तनिषा मुखर्जी का मजेदार अंदाज़

आज के दौर में जहां बढ़ती महंगाई हर किसी की चिंता बनी हुई है, वहीं अभिनेत्री तनिषा मुखर्जी ने इसे एक अनोखे और हल्के-फुल्के अंदाज़ में पेश कर सबका ध्यान खींच लिया है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी वर्क रूटीन की कुछ कैंडिड तस्वीरें साझा कीं, जिनके साथ लिखा गया उनका मज़ेदार लेकिन सच्चा कैप्शन, महंगाई देखकर काम करने की प्रेरणा मिल रही है, लोगों के दिलों को छू गया। इन तस्वीरों में तनिषा एक प्रोफेशनल, आत्मविश्वासी और फोकस्ड अवतार में नजर आती हैं, जो उनके मेहनती स्वभाव को दर्शाता है। उनकी सादगी और साफगोई ने इस पोस्ट को और भी खास बना दिया, क्योंकि उन्होंने बिना किसी दिखावे के एक ऐसी बात कही, जिससे आज हर आम इंसान जुड़ सकता है। फैंस ने भी इस पोस्ट पर जमकर प्यार बरसाया। कमेंट्स में लोगों ने न सिर्फ उनकी बात से सहमति जताई, बल्कि अपने अनुभव भी साझा किए। कई यूज़र्स ने यह भी सराहा कि तनिषा ने एक सामान्य चिंता को सकारात्मक सोच में बदलने का संदेश दिया। इस पोस्ट के जरिए तनिषा ने फिर साबित किया कि असली कनेक्शन वही होता है, जिसमें सच्चाई और सरलता हो और यही उनकी लोकप्रियता की असली वजह भी है।

# अभिनेत्री सोमी अली ने दिवंगत दिव्या भारती की ईमानदारी और बेबाकी को किया याद



मुंबई । अभिनेत्री सोमी अली ने 5 अप्रैल को दिवंगत सुपरस्टार दिव्या भारती की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी। अपनी दोस्त दिव्या को याद करते हुए अभिनेत्री ने उन्हें असाधारण प्रतिभा का प्रतीक बताया। 90 के दशक के एक फोटोशूट की दिव्या की तस्वीर साझा करते हुए सोमी ने लिखा, तुम्हें बहुत याद कर रही हूं! तुम्हारी आत्मा को शांति मिले, मेरी दोस्त। हमने एक खूबसूरत युवती और असाधारण प्रतिभा की प्रतीक को खो दिया। उन्होंने आगे कहा कि एक ईमानदार, बेबाक लड़की जो किसी की बकवास बर्दाश्त नहीं करती थी। खूबसूरत, साहसी और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली... दिव्या भारती बहुत जल्दी चली गई। दिव्या भारती की बात करें तो, यह युवा सुपरस्टार 90 के दशक के शुरुआती दौर में बॉलीवुड की सबसे होनहार अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में, कथित तौर पर किशोरावस्था में ही अपने करियर की शुरुआत की और दीवाना, शोला और शबनम, विश्वात्मा जैसी सुपरहिट फिल्मों से जल्दी ही प्रसिद्धि हासिल कर ली। दिव्या ने अपने छोटे से करियर में शाहरुख खान और ऋषि कपूर जैसे दिग्गजों के साथ काम किया। उन्होंने हिंदी और तेलुगु सिनेमा दोनों में अपनी एक लोकप्रिय पहचान बनाई। उनके लोकप्रिय गीतों में सात समुंदर पार और ऐसी दीवानगी शामिल हैं, जो आज भी चार्टबस्टर माने जाते हैं। निजी जीवन की बात करें तो दिव्या भारती ने 90 के दशक की शुरुआत में बहुत कम उम्र में ही फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला से शादी कर ली थी।



## बॉक्स ऑफिस पर बंपर सफलता के बाद धुरंधर ने अवॉर्ड में भी मारी बाजी

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर- द रिवेंज रिलीज के बाद से ही लगातार बॉक्स ऑफिस और फैंस के दिलों पर राज कर रहा है। फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को खूब पसंद आया था। अब फिल्म के पहले पार्ट यानी धुरंधर ने अवॉर्ड्स पर भी अपना कब्जा कर लिया है। फिल्म ने एक साथ अपने नाम 13 अवॉर्ड किए हैं। फिल्म ने अलग-अलग श्रेणियों में 13 अवॉर्ड अपने नाम किए। फिल्म की धूम इस कदर रही कि लगभग हर श्रेणी में फिल्म नॉमिनेटेड थी और सबसे अहम अवॉर्ड्स अपने नाम किए। चेतक स्क्रीन अवार्ड्स 2026 में धुरंधर का जलवा देखने को मिला, जहां बेस्ट एक्टर से लेकर बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड भी धुरंधर ने जीत लिया है। आदित्य धर के आधिकारिक बी62 स्टूडियो ने फिल्म को मिले अवॉर्ड्स की लिस्ट जारी की है और पूरी टीम को इसका श्रेय भी दिया है। यहां जानते हैं कि पहले फिल्म के खाते में कौन-कौन सी कैटेगरी के अवॉर्ड आए हैं। धुरंधर के लिए रणवीर सिंह को बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया है, जबकि आदित्य धर ने बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट डायलॉग राइटर का खिताब अपने नाम किया है। अक्षय खन्ना को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला है। वहीं, विजय गांगुली को बेस्ट कोरियोग्राफर, शाश्वत सचदेव को बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर, शिवकुमार. वी को बेस्ट एडिटर, विकास नौलखा को बेस्ट सिनेमैटोग्राफर, धुति रंजन साहो और उनकी टीम को बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स, बिश्वजीत चटर्जी को बेस्ट साउंड डिजाइन, स्मृति चौहान को बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनर और प्रीतिशील सिंह डिसूजा को बेस्ट हेयरस्टाइल और मेकअप का खिताब मिला है। कुल मिलाकर सभी बड़ी कैटेगरी में धुरंधर ने बाजी मार ली है। हिंदी सिनेमा में एक ही मंच पर इतने सारे अवॉर्ड बहुत कम ही फिल्मों ने अपने नाम किए हैं। इससे पहले रणवीर सिंह की गली बॉय ने भी साल 2020 में 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किए थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com